नागालैंड: एनईएच कार्यक्रम के तहत आईवीआरआई-केवीके पेरन द्वारा किसान-वैज्ञानिक संवाद व कृषि इनपुट वितरण संपन्न

प्रेस विज्ञप्ति

आज कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), पेरन, जलुखी, नागालैंड के सहयोग से भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) द्वारा "किसान-वैज्ञानिक संवाद एवं कृषि इनपुट वितरण कार्यक्रम" का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

इस कार्यक्रम में कुल 300 किसानों ने भाग लिया, जिनमें से 210 महिलाएं थीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल मोहित कुमार बंसल रहे। अपने संबोधन में उन्होंने आईवीआरआई द्वारा किसानों को महत्वपूर्ण कृषि इनपुट उपलब्ध कराने की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रयासों से किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा तथा कृषि उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि होगी।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. एच. आर. मीना, विभागाध्यक्ष (प्रसार शिक्षा), आईवीआरआई ने किसानों को वितरित कृषि इनपुट के प्रभावी एवं वैज्ञानिक उपयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही उन्होंने पशुधन स्वास्थ्य एवं उत्पादन में आईवीआरआई की भूमिका को रेखांकित करते हुए राष्ट्रीय पशुधन स्वास्थ्य योजना के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

डॉ. के. एल. मीना, अध्यक्ष, केवीके-पेरन ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं किसानों का स्वागत करते हुए पेरन जिले में आईवीआरआई की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। डॉ. एल. बबीता देवी ने पशु रोगों के प्रबंधन एवं रोकथाम के विषय में जानकारी प्रदान की, जबकि डॉ. जेमश ने कृषि से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।

इस अवसर पर उपस्थित किसानों को 50 पिगलेट्स, 1000 डकलिंग्स एवं 1000 चूज़ों का वितरण किया गया, जिससे उनकी आय के स्रोतों में विविधता आएगी तथा कृषि के साथ उनकी आजीविका को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त होगा।

कार्यक्रम में श्री वीर सिंह, मुख्य तकनीकी अधिकारी, आईवीआरआई सहित केवीके के अन्य वैज्ञानिक, विषय विशेषज्ञ एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

अंत में कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया।

अनुमोदन हेतु प्रस्तुत।

FARMERS SCIENTIST INTERACTION CUM INPUT DISTRIBUTION under NEH Scheme
Organised by
GPS Map Camera
Jalukie, Nagaland, India
Jmwf+c5w New Market Colony, Jalukie, Nagaland 797110, India
Lat 25.646156° Long 93.67286°
Tuesday, 24/03/2026 11:46 AM GMT +05:30
Google

GPS Map Camera
Jalukie, Nagaland, India
Jmwf+c5w New Market Colony, Jalukie, Nagaland 797110, India
Lat 25.646115° Long 93.672853°
Tuesday, 24/03/2026 11:47 AM GMT +05:30
Google

GPS Map Camera
Jalukie, Nagaland, India
Jmwf+c5w New Market Colony, Jalukie, Nagaland 797110, India
Lat 25.646181° Long 93.672894°
Tuesday, 24/03/2026 01:22 PM GMT +05:30
Google

GPS Map Camera
Jalukie, Nagaland, India
Jmwf+c5w New Market Colony, Jalukie, Nagaland 797110, India
Lat 25.646239° Long 93.673105°
Tuesday, 24/03/2026 12:20 PM GMT +05:30
Google